https://www.mpboardonline.com

Roll No. ....................

# 903

## कक्षा 9 वीं परीक्षा, 2020-21

[M-2701-C]

# HINDI

# हिन्दी

[Total No. of Questions: 28] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 100]

*निर्देश –*

*(1) आरंभ में दिये गये वस्तुनिष्ठ प्रश्न सर्वप्रथम हल करें।*

*(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक (1X5X5=25) निर्धारित हैं।*

*(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक के हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।*

*(4) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक के हैं। शब्द सीमा लगभग 30 से 50 शब्द है।*

*(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक के हैं। शब्द सीमा लगभग 50 से 75 शब्द है।*

*(6) प्रश्न क्रमांक 26 व 27 प्रत्येक प्रश्न 5 अंक के हैं। शब्द सीमा लगभग 75 से 120 शब्द है।*

*(7) प्रश्न क्रमांक 28 निबंधात्मक प्रश्न है। शब्द सीमा लगभग 200 से 250 शब्द है। इस प्रश्न के निर्धारित अंक (7+3=10) हैं।*



https://www.mpboardonline.com

प्र.1 उचित शब्द का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (5×1=5)

(i) मेरे नाना पक्के .................................................. माने जाते थे। (साहब/अंग्रेज)

(ii) 'कमाई' में प्रत्यय .................................................................. है। (कमा/आई)

(iii) 'जो अधिक बोलता है', उसे.......................... कहते हैं। (वाचाल/मितभाषी)

(iv) पंचवटी .................................................................... है। (खण्डकाव्य/महाकाव्य)

(v) ललद्यद .............................. भाषा की लोकप्रिय कवयित्री थीं। (पंजाबी/कश्मीरी)

प्र.2 सही विकल्प चुनकर लिखिए – (5×1=5)

(i) लेखिका ने अपनी नानी को क्यों नहीं देखा?

(अ) घर छोड़कर चली गई (ब) मायके चली गई

(स) स्वर्ग चली गई थीं (द) लेखिका अंधी थी

(ii) कबीरदास जी की प्रमुख रचना है –

(अ) बीजक (ब) गुरुग्रंथ साहिब

(स) कबीर ग्रंथावली (द) बाइबल

(iii) जो पढ़ा लिखा न हो, उसे कहते हैं –

(अ) लाचार (ब) अयोग्य

(स) अनपढ़ (द) गरीब

(iv) काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्वों को कहते हैं –

(अ) रस (ब) अलंकार

(स) छन्द (द) स्थायी भाव

(v) कोयल अपने चमकीले गीत क्यों तैरा रही हो?

(अ) चिढ़ाने को

(ब) इस काले संकट सागर पर मरने हेतु

(स) प्रसन्न करने को

(द) कायरता दिखाने को

प्र.3 एक वाक्य में उत्तर लिखिए – (5×1=5)

(i) हिन्दी गद्य साहित्य का इतिहास कब से प्रारंभ माना जाता है?

(ii) श्रृंगार रस का स्थायी भाव लिखिए।

(iii) कैदियों के हाथ में क्या होता था?

(iv) एकांकी में कितने अंक होते हैं?

(v) प्राचीन काल में किस कला का अभाव था?

प्र.4 सही जोड़ी बनाइए – (5×1=5)

| | (क) | | (ख) |
|---|---|---|---|
| (i) | कमल | (अ) | कहानी |
| (ii) | माटीवाली | (ब) | पंकज |
| (iii) | गोस्वामी तुलसीदास | (स) | गाँव |
| (iv) | ग्राम | (द) | छन्द |
| (v) | चौपाई | (इ) | रामचरित मानस |
| | | (ई) | गुलाब |

प्र.5 सत्य/असत्य का चयन कीजिए – (5×1=5)

(i) किरण शब्द का पर्यायवाची रश्मि है।

(ii) 'बच्चे काम पर जा रहे हैं।' कविता सुमित्रानन्दन पंत की है।

(iii) सूरदास रामभक्ति शाखा के कवि हैं।

(iv) उपन्यास सम्राट प्रेमचंद हैं।

(v) रिपोर्ताज भारतीय भाषा का शब्द है।

प्र.6 तत्सम एवं तद्भव शब्दों को छाँट कर लिखिए– (2)

स्वप्न, मछली, हस्त, साग

अथवा

दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –

तन, हरि

https://www.mpboardonline.com

प्र.7 निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए – (2)

तथा + एव =

सु + आगत =

अथवा

दिए गए शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए –

उड़ान, अंतरिक्षयान

प्र.8 रस के कितने अंग होते हैं? नाम लिखिए। (2)

अथवा

अनुप्रास अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.9 मानसरोवर से कवि का क्या आशय है? (2)

अथवा

'कच्चे सकोरे' का क्या अर्थ है?

प्र.10 जीवन की उमंग से बच्चे वंचित क्यो हैं? (2)

अथवा

ज्ञान की आँधी मनुष्य के जीवन पर क्या प्रभाव डालती है?

प्र.11 रसखान ब्रज में क्यों जन्म लेना चाहते हैं? (2)

अथवा

हथकड़ियों को गहना क्यों कहा गया है?

प्र.12 कवि कोयल से ईर्ष्या क्यों कर रहे हैं? (2)

अथवा

ललद्यद की काव्य शैली का वर्णन कीजिए।

प्र.13 गोपियाँ किसका रूप धारण करना चाहती हैं और क्यों? (2)

अथवा

आपने अपने शहर में बच्चों को कब – कब और कहाँ – कहाँ काम करते हुए देखा है?


https://www.mpboardonline.com

प्र.14 गद्य की कोई दो मुख्य विधाएँ एवं कोई दो गौण विधाओं के नाम लिखिए। (2)

**अथवा**

कहानी के प्रमुख तत्वों के नाम लिखिए।

प्र.15 गया ने बैलों को शरारत के लिए क्या सजा दी? (2)

**अथवा**

लेखक के अनुसार तिब्बत की महिलाओं की क्या विशेषताएँ थीं?

प्र.16 गौरैया लॉरेंस के विषय में इतना सब कैसे जानती थी? (2)

**अथवा**

लोग फोटो खिंचवाने के लिए क्या – क्या उधार मांग लेते हैं?

प्र.17 कल्पना कीजिए कि आप मंगल ग्रह पर हैं। सरल शब्दों में अपनी कल्पना को कलम बद्ध कीजिए। (3)

**अथवा**

नीचे दिए गए जीव जंतुओं की दो – दो विशेषताएं लिखिए –

हाथी, मोर, हिरण, बकरी

प्र.18 अपनी सुबह से रात तक की दिनचर्या लिखिए। (3)

**अथवा**

क्या आपने कभी कोई पेड़ लगाया है? यदि हाँ तो वृक्षारोपण के कोई तीन लाभ लिखिए।

प्र.19 महाकाव्य एवं खण्डकाव्य में कोई तीन अंतर लिखिए। (3)

**अथवा**

यमक एवं श्लेष अलंकार में कोई तीन अंतर लिखिए।

प्र.20 कवि ने कोकिला के बोलने के किन कारणों की संभावना बताई? (4)

**अथवा**

गोपी कृष्ण की मुरली को होठों पर क्यों नहीं रखना चाहती है?

प्र.21 कबीरदास जी अथवा माखनलाल चतुर्वेदी का कवि परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर लिखिए – (4)

(1) दो रचनाएँ

(2) भावपक्ष – कलापक्ष

(3) साहित्य में स्थान

प्र.22 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ – प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए – (4)

आई सीधी राह से, गई न सीधी राह
सुषुम – सेतु पर खड़ी थी, बीत गया दिन आह!
जेब टटोली, कौड़ी न पाई।
माझी को दूँ, क्या उतराई?

अथवा

प्रेमी ढूँढ़त मैं फिरौं, प्रेमी मिलै न कोइ।
प्रेमी कौ प्रेमी मिलै, सब विष अमृत होइ।

प्र.23 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – (4)

"दोनों दिन – भर जोते – जाते, डण्डे खाते, अड़ते। शाम को थान पर बांध दिए जाते और रात को वही बालिका उन्हें दो रोटियाँ खिला जाती। प्रेम के इस प्रसाद की यह बरकत थी कि दो – दो गाल सूखा भूसा खाकर भी दोनों दुर्बल न होते थे मगर दोनों की आँखों में, रोम रोम में विद्रोह भरा हुआ था।

अथवा

मुझे लगता है, तुम किसी सख्त चीज़ को ठोकर मारते रहे हो। कोई चीज़ जो परत – पर – परत सदियों से जम गई है, उसे शायद तुमने ठोकर मार – मारकर अपना जूता फाड़ लिया। कोई टीला जो रास्ते पर खड़ा हो गया था, उस पर तुमने अपना जूता आज़माया।



Scanned with CamScanner

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

प्र.24 मुंशी प्रेमचंद अथवा हरिशंकर परसाई का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर लिखिए – (4)

दो रचनाएँ, भाषा – शैली, साहित्य में स्थान

प्र.25 पर्यावरण को बचाने के लिए आप किस प्रकार से योगदान दे सकते हैं? (4)

<u>अथवा</u>

'कोरोना– बीमारी से बचने के कौन – कौन से उपाय हैं? लिखिए।

प्र.26 अपने प्राचार्य को तीन दिन के अवकाश हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए। (5)

<u>अथवा</u>

अपने मित्र को जन्मदिन हेतु बधाई पत्र लिखिए।

प्र.27 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (5)

स्वस्थ शरीर के साथ ही स्वस्थ मनोरंजन भी मनुष्य के लिए आवश्यक है। खेल ऐसी क्रिया है कि जिससे न केवल शरीर का विकास होता है अपितु मनोरंजन भी प्राप्त होता है। यही कारण है कि सभ्यता के आदिकाल से ही मानव समाज में खेलों का प्रचलन रहा है। आज से पचास हजार वर्ष पूर्व की मानव सभ्यता को दर्शाने वाले भित्ति चित्र प्राचीन गुफाओं में देखने को मिलते हैं। भारतीय खेलों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इन्हे बिना किसी खर्च के खेला जा सकता है। इन खेलों में कबड्डी, खो–खो आदि प्रसिद्ध हैं। प्रसन्नता की बात है कि इन दोनों खेलों को अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता प्राप्त हो गई है।

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का सटीक शीर्षक लिखिए।

(ब) हमारे भारतीय खेलों की सबसे बड़ी विशेषता क्या है?

(स) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।



https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

प्र.28 (अ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए – (7)

(1) विद्यार्थी जीवन

(2) समाचार पत्रों का महत्त्व

(3) राष्ट्रीय पर्व

(4) जल ही जीवन है

(5) पर्यावरण प्रदूषण

(ब) किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए – (3)

(1) स्वच्छता अभियान

(2) बालसभा

(3) मेरे सपनों का भारत

(4) विद्यालय का वार्षिकोत्सव

(5) विज्ञान के चमत्कार

---



https://www.mpboardonline.com